नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण



6 संपर्क भाषा से मराठी को कैसा खतरा?



5 आतंक का प्रचार अब नहीं चलेगा : सिन्हा



8 साइना नेहवाल ने पति पारुपल्ली से लिया तलाक



7 वैश्विक व्यापार का नया नेतृत्व कर रहा भारत

## एक नजर में



### सीजेआई बीआर गवई अस्पताल में भर्ती

**नयी दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बीआर गवई हैदराबाद दौरे के दौरान गंभीर संक्रमण का शिकार हो गए, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया. अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और इलाज पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दे रहे हैं. उम्मीद की जा रही है कि वे जल्द ही स्वस्थ होकर अपने कार्यभार पर लौटेंगे.12 जुलाई को हैदराबाद स्थित नालसार यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए जस्टिस गवई ने अपने संबोधन में न्याय प्रणाली की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा कि विचाराधीन कैदियों की स्थिति और मुकदमों में देरी आज भी बड़ी समस्या है.उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों से निपटने के लिए देश की सर्वोत्तम प्रतिभा को आगे आना होगा.

### शुभांशु शुक्ला आज लौटेंगे धरती पर

**नयी दिल्ली.** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला अन्य तीन साथी अंतरिक्ष यात्रियों के साथ सोमवार को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रवाना हो गये. एग्जिओम स्पेस ने इस बात की पुष्टि की है कि एएक्स 4 मिशन में शामिल स्पेसएक्स का ड्रैगन अंतरिक्षयान भारतीय समय के अनुसार दोपहर बाद 4.35 बजे आईएसएस से अलग हो गया. एग्जिओम स्पेस ने बताया कि अब कई चरणों में अंतरिक्षयान के इंजन को चालू कर उसे आईएसएस से दूर ले जाया जाएगा.

### नेशनल हेराल्ड मामले में फैसला 29 जुलाई को

**नयी दिल्ली.** दिल्ली की एक विशेष अदालत नेशनल हेराल्ड से संबंधित धन शोधन के एक मामले में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी,लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और अन्य के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के आरोपों का संज्ञान के संबंध में 29 जुलाई को फैसला सुनाएगी. राउज एवेन्यू स्थित विशेष अदालत के न्यायाधीश विशाल गोगने ने सोमवार को फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा कि ईडी के आरोपों का संज्ञान लेना चाहिए या नहीं, इस पर 29 जुलाई को कोई आदेश पारित किया जाएगा.

# भारत-चीन में सुधर रहे संबंध

## 2020 के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर पहुंचे चीन

**बीजिंग, 14 जुलाई. शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में भाग लेने आये विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को चीन के उपराष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की और भारत तथा चीन के बीच संबंधों को 'सामान्य' बनाये रखने का आग्रह किया. डा.जयशंकर ने बैठक के दौरान अपने उद्घाटन भाषण में कहा एससीओ में चीन की सफल अध्यक्षता का भारत समर्थन करता है.**



जैसा कि आपने बताया पिछले अक्टूबर में कज़ान में प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक के बाद से हमारे द्विपक्षीय संबंधों में लगातार सुधार हो रहा है. मुझे विश्वास है कि इस यात्रा में मेरी बातचीत इसी सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ेगी. विदेश मंत्री ने कहा कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की बहाली की भारत में काफी सराहना हो रही है. कैलाश मानसरोवर यात्रा कोविड-19 महामारी और उसके बाद भारत-चीन के बीच तनाव के कारण पांच वर्ष के बाद इस वर्ष फिर से शुरू हुई है.

उन्होंने कहा आज जिस अंतर्राष्ट्रीय स्थिति से हम रूबरू हो रहे हैं,वह बहुत जटिल है. पड़ोसी देशों और प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के रूप में भारत और चीन के बीच विचारों और दृष्टिकोणों का खुला आदान-प्रदान बहुत महत्वपूर्ण है. डा. जयशंकर तियानजिन में एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक में भाग लेने के साथ-साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे. पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद डा. जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है.

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को फ्रांस के विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरोट फ्रांस की सरकार और वहां की जनता को उनके राष्ट्रीय दिवस की बधाई दी. इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत और फ्रांस के बीच रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत और व्यापक होती जा रही है.

> राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी पिछले महीने एससीओ सुरक्षा परिषद सचिवों की 20वीं बैठक में भाग लेने के लिए चीन आए थे. डोभाल ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी के साथ भी बातचीत की और सभी तरह के आतंकवाद से निपटने की जरूरत पर बल दिया. उन्होंने क्षेत्र में समग्र शांति और स्थिरता बनाए रखने के लिए आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों का मुकाबला करने की आवश्यकता पर बल दिया.

## रॉबर्ट वाड्रा से ईडी ने की पूछताछ, संजय भंडारी मामले में बयान दर्ज

**नई दिल्ली.** मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए. उनसे यह पूछताछ ब्रिटेन में स्थित संपत्ति को लेकर की गई, जिसका संबंध कथित रूप से भगोड़े हथियार डीलर संजय भंडारी से है. वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया. हालांकि, उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था. सूत्रों के अनुसार, ईडी रॉबर्ट वाड्रा से तीन अलग-अलग मामलों में जांच कर रही है, जिनमें दो मामले जमीन सौदों में कथित गड़बड़ियों से जुड़े हैं, जबकि एक मामला संजय भंडारी से जुड़ा है. ईडी ने वाड्रा को पहले जून महीने में समन भेजकर बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उस समय वे विदेश यात्रा पर थे और पेश नहीं हो सके थे. ईडी द्वारा दायर आरोपपत्र के अनुसार, 2009 में संजय भंडारी ने लंदन के 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित एक संपत्ति खरीदी थी.

# कई हाईकोर्ट के सीजे की नियुक्तियां और कई जजों के हुए तबादले

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. सोमवार को देश के कई उच्च न्यायलयों में कई नये मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियाँ की गई और इसके साथ ही हाई कोर्ट के कई जजों को भी बदला गया. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के कई उच्च न्यायालयों में नये मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्तियों को मंजूरी दी. इसके साथ कई हाई कोर्ट में जजों का भी ट्रांसफर कर दिया गया है.**

हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस की नियुक्तियों और जजों के ट्रांसफर संबंधी अधिसूचना सोमवार को जारी की गई है. कुल पांच उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की गई है जबकि चार हाई कोर्टों के जजों का तबादला कर दिया गया है.

### हाई कोर्ट और नये मुख्य न्यायाधीशों की सूची

1. न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है.
2. न्यायमूर्ति विभु बाखरू को कर्नाटक उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है.
3. न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार को गुवाहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है.
4. न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली को पटना उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है.
5. न्यायमूर्ति तरलोक सिंह चौहान को मुख्य न्यायाधीश, झारखंड उच्च न्यायालय नियुक्त किया गया है.

### उच्च न्यायलयों में नियुक्त नये जजों की सूची

1. न्यायमूर्ति एम.एम. श्रीवास्तव को राजस्थान से मद्रास उच्च न्यायालय भेजा गया है.
2. न्यायमूर्ति अपरेश के सिंह को त्रिपुरा से तेलंगाना उच्च न्यायालय भेजा गया.
3. न्यायमूर्ति एम.एस. रामचंद्र राव को झारखंड से त्रिपुरा उच्च न्यायालय भेजा गया है.
4. न्यायमूर्ति के.आर. श्रीराम को मद्रास से राजस्थान उच्च न्यायालय भेजा गया है.

# जिलाध्यक्षों की नियुक्ति जल्द

- समीक्षा बैठक में संगठन सृजन कार्यक्रम की रिपोर्ट पर चर्चा
- कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का लक्ष्य

प्रवेश कुमार मिश्र

**नई दिल्ली,14 जुलाई. मध्यप्रदेश के कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लक्ष्य के साथ चलाए गए संगठन सृजन कार्यक्रम के गर्भ से निकली जमीनी हकीकत की समीक्षा पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने की गई है.**

सूत्रों की मानें तो बहुस्तरीय आब्जर्वरों द्वारा जिला व ब्लाक स्तरीय गहन समीक्षा करने के बाद जिलावार रिपोर्ट तैयार की गई है. बताया जा रहा है कि रिपोर्ट में पार्टी के प्रति वफादार जागरूक कार्यकर्ताओं व नेताओं को विशेष महत्व देते हुए उन्हें विशेष श्रेणी में रखने की सिफारिश की गई है. जो लोग पार्टी के साथ रहकर भी दूसरे दलों के साथ पारिस्थितिक सांठगांठ रखें हुए हैं उनके संदर्भ में भी साक्ष्यों के साथ चौकन्ना किया गया है. जो जिलाध्यक्ष विपरीत प्रस्थितियों में भी पार्टी की नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे हैं उनकी प्रशंसा भी रिपोर्ट में की गई है. सूत्रों की मानें तो पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के साथ प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी और कांग्रेस के कई बड़े नेताओं की मौजूदगी में उक्त रिपोर्ट पर मंथन किया गया है. फिलहाल जिला अध्यक्षों की नियुक्ति को लेकर ही पार्टी निर्णय करने जा रही है.( शेष पेज 12 पर )

# दो राज्यों में राज्यपाल नियुक्त

## कविन्द्र गुप्ता लद्दाख के उपराज्यपाल बनाए गए



असीम कुमार घोष



पी. अशोक गजपति राजू



कविन्द्र गुप्ता

**नई दिल्ली, 14 जुलाई. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को हरियाणा, गोवा और लद्दाख के नए राज्यपालों एवं उपराज्यपाल की नियुक्तियों को मंजूरी दी है.**

राष्ट्रपति सचिवालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, प्रोफेसर असीम कुमार घोष को हरियाणा का राज्यपाल, जबकि पी. अशोक गजपति राजू को गोवा का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

इसके अलावा, कविन्द्र गुप्ता को केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया है। उन्होंने ब्रिगेडियर बी. डी. मिश्रा (सेवानिवृत्त) का स्थान लिया है, जिनका इस्तीफा राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है। सभी नियुक्तियां संबंधित पदों का कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रभावी मानी जाएंगी।



# आर्थिक साझेदारी बढ़ाएगा मप्र

## सीएम ने यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री के साथ की बैठक

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 14 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ेयूदी के साथ भारत-यूएई समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत आर्थिक और औद्योगिक सहयोग को विस्तार देने पर गहन चर्चा की।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत-यूएई एक मजबूत आर्थिक आधार प्रदान करता है, और मध्यप्रदेश इस साझेदारी का पूर्ण लाभ उठाकर निवेश, व्यापार, और तकनीकी सहयोग के नए द्वार खोलने के लिए तैयार है.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश भौगोलिक स्थिति, उन्नत बुनियादी ढांचे और बेहतर उद्योग नीति समर्थन ने इसे लॉजिस्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग और खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में एक उभरते निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित किया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विशेष रूप से ऑटोमोबाइल, फार्मा, टेक्सटाइल, रक्षा विनिर्माण और स्मार्ट मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्रों में यूएई के निवेश का स्वागत किया. डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश देश का अग्रणी सोयाबीन, दाल और जैविक उत्पादक राज्य है. उन्होंने खाद्य प्रसंस्करण और कृषि-तकनीक में यूएई के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई, जिससे भारत और खाड़ी देशों के बीच कृषि आपूर्ति श्रृंखला को सशक्त किया जा सके.

> मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यूएई के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ. जेयूदी को सौर ऊर्जा, स्मार्ट ऑटोमेशन, एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में यूएई की विशेषज्ञता को आमंत्रित किया. मुख्यमंत्री ने मध्यप्रदेश को इंडिया, इज़राइल, यूएई और अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी के तहत क्लीन टेक्नोलॉजी, फूड कॉरिडोर और इंडस्ट्रियल इनोवेशन क्षेत्रों में पायलट प्रोजेक्ट्स के लिये उपयुक्त बताया.

# पांच हजार बेटियों का जलालुद्दीन ने कराया धर्मांतरण

- उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के रैकेट का भंडाफोड़
- अतीक अहमद के लिए किया प्रचार : पूर्व राज्यमंत्री मिश्रा

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई. उत्तर प्रदेश में अवैध धर्मांतरण के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ होते ही इस मामले ने धार्मिक, राजनीतिक और आतंकी कनेक्शन की परतें उधेड़नी शुरू कर दी हैं. मुख्य आरोपी जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा का संबंध न केवल माफिया अतीक अहमद से जुड़ा पाया गया, बल्कि उसके अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क और राजनीतिक मंचों से करीबी संबंधों ने जांच एजेंसियों को चौंका दिया है.**



पूर्व राज्यमंत्री और बीजेपी नेता दद्दन मिश्रा ने खुलासा किया कि 2014 के लोकसभा चुनाव में जब वे श्रावस्ती से भाजपा प्रत्याशी थे, तब छांगुर बाबा समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार अतीक अहमद के लिए प्रचार कर रहा था. बाबा ने न सिर्फ मंच साझा किया, बल्कि मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में प्रचार की कमान भी संभाली थी.


एटीएस और ईडी की जांच में पता चला है कि छांगुर बाबा ने पाकिस्तान, तुर्की, यूएई और सऊदी अरब से फंडिंग लेकर भारत के 5 राज्यों में फैले नेटवर्क फैलाया हुआ है. जिसके जरिए 5 हजार से अधिक हिंदू और सिख लड़कियों का धर्मांतरण कराया गया. उसके 40 बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का संदिग्ध लेन-देन सामने आया है.

> इस प्रकरण पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा,कोई एक छांगुर बाबा है, उन्होंने अनेक महिलाओं का धर्म की आड़ में शोषण किया. लगभग 3000 हिन्दुओं को टोपी वाला बना दिया. भारत में अभी बाबावाद बहुत चल रहा है. हमें बाबा से नहीं आप से कहना है कि किसी गलत के चक्कर में पड़ जाना.ऐसे किसी के चक्कर में पड़ोगे तो ऐसा ही कोई तुम्हें भी भ्रष्ट कर देगा.

## दिल्ली के तीन स्कूलों को उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली, 14 जुलाई.** दिल्ली के तीन स्कूलों को सोमवार को बम से उड़ाने के धमकी मिली, हालांकि पुलिस जाँच में किसी भी तरह की संदिग्ध सामग्री नहीं मिली है. एक पुलिस अधिकारी ने आज यहां बताया कि पुलिस को प्रशांत विहार और द्वारका सेक्टर-16 स्थित केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) स्कूलों और चाणक्यपुरी स्थित एक स्कूल से बम की धमकी के बारे में सूचना मिली. उन्होंने कहा कि सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, श्वान दस्ते और बम निरोधक दस्ते स्कूल पहुंचे और गहनता से जांच की.

श्रावण मास का पहला सोमवार | पहली सवारी में भगवान के मनमहेश रूप के दर्शन कर लाखों श्रद्धालु मंत्रमुग्ध



# 100 किलो चांदी की पालकी में निकले महाकाल

**उज्जैन, 14 जुलाई. श्रावण मास के पहले सोमवार को उज्जैन में भगवान महाकाल की सवारी निकली. 100 किलो की चांदी की नई पालकी में सवार होकर भगवान महाकाल के मनमहेश रूप में लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन किए.**

सवारी शुरू होने से पहले मंदिर के सभामंडप में भगवान की चांदी की प्रतिमा का शासकीय पुजारी पंडित घनश्याम शर्मा ने पूजन-अर्चन किया. इसके बाद भगवान की प्रतिमा को पालकी में विराजित किया गया. पूजन में मंत्री तुलसी सिलावट सहित कई जनप्रतिनिधि व प्रशासन और समिति के अधिकारी शामिल हुए. शाम 4 बजे सवारी निकलना शुरू हुई. मंदिर के मुख्य द्वार पर सशस्त्र पुलिस के जवानों ने राजधिराज महाकाल को सलामी देकर नगर भ्रमण के लिए रवाना किया. सवारी में आगे तोपची, घोड़ों पर सवार पुलिस के जवान, धार्मिक धुन बजाता पुलिस का बैंड, सशस्त्र जवानों की टुकड़ियां व 09 भजन मंडलियां शामिल थी. पालकी के साथ मंदिर के पंडे-पुजारी पैदल निकले. श्रावण मास में इस बार कुल चार सवारी है . पहली सवारी निकलने के बाद अब दूसरी सवारी 21 जुलाई सोमवार को आएगी. सवारी के दौरान जनजातीय कलाकारों ने भी संगीत के वाद्य यंत्रों के साथ अपनी प्रस्तुति दी. पहली बार सवारी में इन कलाकारों को आमंत्रित किया गया था. मार्ग पर प्रमुख स्थानों पर पालकी का पूजन श्रद्धालुओं ने किया तो कई जगह फूलों की वर्षा का स्वागत किया गया.

### रामघाट पर शिप्रा जल से अभिषेक, बटुकों ने किया उद्‌घोष



सवारी मन्दिर से निकलकर महाकाल चौराहा, गुदरी, बक्षी बाजार, कहारवाड़ी होते हुए रामघाट राणोजी की छत्री पर पहुंची जहां पुजारियों ने शिप्रा के जल से बाबा का अभिषेक किया. पूजन के बाद सवारी रामानुजकोट, कार्तिक चौक, ढाबा रोड, टंकी चौराहा, छत्री चौक, गोपाल मन्दिर, पटनी बाजार, गुदरी से होते हुए देरशाम मन्दिर पहुंची. पहली बार सवारी नई थीम पर निकाली गई जिसमें 25 गुरुकुलों से आए 500 बटुकों ने शिप्रा के रामघाट व दत्त अखाड़ा घाट पर बैठकर वैदिक उद्घोष किया. घाट पर मौजूद लाखों लोग यह नजारा देखकर मंत्रमुग्ध हो गए.

